**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 563**

गुरुवार, 6 फ़रवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**दाहोद में विमानपत्तन**

**563. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात के दाहोद में प्रस्तावित विमानपत्तन के सर्वेक्षण की वर्तमान स्थीति क्या है; और

(ख) इस सबंध में क्या कार्रवाई की जा रही है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) और (ख): भारत सरकार (जीओआई) ने देश में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा (जीएफए) नीति, 2008 तैयार की है। इस नीति के अनुसार, यदि राज्य सरकार सहित कोई भी विकासकर्ता हवाईअड्डा विकसित करना चाहता है, तो उन्हें उपयुक्त स्थल की पहचान करनी होगी और हवाईअड्डे के निर्माण के लिए व्यवहार्यता पूर्व अध्ययन करवाना होगा और 'साइट क्लीयरेंस' के लिए केन्द्रीय सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा, जिसके बाद 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया जाएगा।

गुजरात सरकार के अनुरोध पर, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की एक बहु-विषयक टीम ने पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन करने के लिए प्रस्तावित स्थल का दौरा किया और अध्ययन करने के बाद दाहोद जिले में हवाईअड्डे के विकास के लिए प्रस्तावित स्थल को तकनीकी रूप से व्यवहार्य पाया गया।

दिनांक 22.07.2024 को राज्य सरकार को व्यवहार्यता पूर्व रिपोर्ट प्रेषित की गई है। तथापि, राज्य सरकार ने आदिवासी क्षेत्र होने के कारण स्थल को स्थानांतरित कर दिया है।

भारत सरकार (जीओआई) को अब तक गुजरात के दाहोद में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के निर्माण के लिए गुजरात सरकार (जीओजी) अथवा किसी भी हवाईअड्डा विकासकर्ता से ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति के तहत 'साइट क्लीयरेंस' के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****